महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेन से टकरा कर युवक-युवती हुई घायल, पुलिस जांच में जुटी

महासमुंद (आरएनएस)। जिले के स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास एक युवक युवती ट्रेन से टकरा गए। सुबह साढ़े चार बजे घटना की जानकारी लोको पायलट ने दी। जिस पर तुरंत स्थानीय अमला मौके पर पहुंचा। तब तक दोनों की सांसे चल रही थी। तुरन्त इन्हें 112 की सहायता से जिला अस्पताल भर्ती किया गया। इनका उपचार जारी है। दोनों की पहचान नहीं हुई है। बताया गया है कि सुबह टिटलागढ़ से मालगाड़ी रायपुर की ओर आ रही थी। महासमुंद होम सिग्नल और बांधा पुलिया के बीच ये अचानक ट्रेन के सामने पटरी पर आ गए। ट्रेन देखकर भयवश ये पटरी पर ही लेट गए। इंजन के सामने लगे गार्ड से इनके शरीर में चोट आई है। हालांकि ट्रेन की गति कम होने से अधिक चोट नहीं लगी। ये आत्महत्या की नीयत से आये थे, या दुर्घटना हुई है। ये जांच का विषय है। बताया गया है कि उपचार के बाद दोनों से पूछताछ होगी।

किराना दुकान के गोदाम में लगी आग,लाखों का सामान खाक

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जांजगीर-चांपा. बाराद्वार के नेहरू चौक स्थित एक किराना दुकान के तीसरे मंजिल में लगी भीषण आग से लाखों रूपए का सामाना जलकर खाक हो गया। आग दुकान की तीसरी मंजिल में लगी जहां गोदाम है। सूचना पर मौके पर आग बुझाने पहुंची दमकल की गाडिय़ां ने बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार दोपहर को बाराद्वार नेहरू चौक में स्थित व्यापारी अनिल अग्रवाल के 3 मंजिला मकान के तीसरे माले में से आग की लपटें और धुएं का गुब्बार उठने लगा। जिसमें नीचे में व्यापारी किराना का व्यवसाय करता है तथा दूसरे माले में व्यापारी का परिवार रहता है। गुरूवार दोपहर करीब 11 से 12 बजे के बीच किराना दुकान के तीसरे मंजिल से धुंआ उठने लगा और आग बेकाबू हो गई जिसके बाद तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आग लगने की वजह फिलहाल तेज गर्मी और शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना में व्यापारी का लाखों का माल जलकर खाक हो गया।

विधायक प्रतिनिधि पर दुष्कर्म का आरोप: शादीशुदा महिला ने लगाया आरोप

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जांजगीर-चांपा में एक विधायक प्रतिनिधि पर एक शादीशुदा महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार डभरा क्षेत्र के रामभांठा निवासी ताराचंद साहू एक विधायक के प्रतिनिधि हैं। शादी होने के बाद भी ताराचंद का एक युवती से चक्कर चल रहा था। शिकायत करने महिला ने बताया कि 2014 से उसके और ताराचंद के बीच संबंध थे। इसके बाद साल 2022 में उसकी शादी रायगढ़ हो गई, लेकिन ताराचंद ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। किंतु जब महिला के पति को इसका पता चला तो मामला बिगड़ गया और उसके और ताराचंद के बीच संबंधों की बात सामने आने पर पति ने उसे छोड़ दिया। इसके बाद वह अपने गांव आकर रहने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि तारांचद ने उससे दुष्कर्म करता रहा। शादी के बाद भी धमकी देकर संबंध बनाए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी तारांचद के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 तहत प्रतिनिधि के खिलाफ केस दर्ज किया है।

डाक विभाग ने मां दंतेश्वरी पर विशेष लिफाफा जारी किया

जगदलपुर (आरएनएस) । डाक विभाग ने मां दंतेश्वरी पर विशेष लिफाफा जारी किया है। इसका विमोचन केंद्रीय संचार राज्यमंत्री देवू सिंह चौहान व डाक विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जनरल संजीव शर्मा ने किया। विशेष कवर यानि लिफाफे बस्तर संभाग के सभी डाकघरों को दिए जाएंगे, जहां से इनकी बिक्री की जाएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री चौहान ने बस्तर में चल रहे डाकघरों की सराहना करते कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद डाककर्मी अपने काम में जुटे हुए हैं।

किसानों को मदद पहुंचाने के मामले में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य : कृषि मंत्री

- छत्तीसगढ़ में किसानों को धान और गन्ने का मिल रहा सर्वाधिक मूल्य
- तमिलनाडु राज्य के कावेरी नदी किसान संरक्षण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ की किसान हितैषी नीतियों को सराहा और कहा कि किसानों के हितों के संरक्षण का मॉडल राज्य है छत्तीसगढ़

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत देखने तमिलनाडु राज्य के कावेरी नदी किसान संरक्षण समिति का प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ पहुंचा था। छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास के दौरान इस प्रतिनिधि मंडल ने कई इलाकों का दौरा किया और किसानों से मुलाकात की। सुराजी गांव योजना के नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी कार्यक्रम के क्रियान्वयन की स्थिति देखी एवं रायपुर के छेरीखेड़ी स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर सहित कवर्धा जिले में गन्ने की खेती का भी मुआयना किया। तमिलनाडु के किसानों को प्रतिनिधिमंडल ने आज देर शाम छत्तीसगढ़ के कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की और तमिलनाडु राज्य तथा छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी की स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को तमिलनाडु का प्रसिद्ध ब्लैक राईस और ऑर्गेनिक गुड़ भेंट किया।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने तमिलनाडु के किसान प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी प्रतिनिधियों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर उनके छत्तीसगढ़ आने पर प्रसन्नता जताई। कृषि मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने बीते तीन वर्षों में खेती-किसानी को समृद्ध और किसानों को खुशहाल बनाने के लिए कई नवाचार किए हैं। यहां कई अभिनव योजनाएं शुरू की गई हैं। किसानों को फसल

उत्पादकता एवं फसल विविधीकरण को अपनाने के लिए उन्हें मदद पहुंचाने के मामले छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। यहां के किसानों को धान और गन्ना की सर्वाधिक कीमत मिल रही है। कृषि मंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों और किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 7 हजार रूपए की आर्थिक मदद दी जा रही है, जो कि पीएम सम्मान निधि के तहत मिलने वाली राशि से ज्यादा है। तमिलनाडु में भू-जल स्तर की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए कृषि मंत्री चौबे ने प्रतिनिधिमंडल को छत्तीसगढ़ सरकार के नरवा विकास कार्यक्रम को वहां अपनाए जाने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर कृषि विभाग के सचिव एवं गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. एस. भारतीदासन ने तमिलनाडु राज्य में कृषि की स्थिति और छत्तीसगढ़ में किसानों की बेहतरी के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। किसान प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख सुन्दर विमल नाथन ने बताया कि उनके प्रतिनिधिमंडल में तमिलनाडु के अलग-अलग जिलों के किसान प्रतिनिधि शामिल हैं, जो मुख्यतः धान और गन्ना की प्रमुखता से खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों को प्रति टन गन्ना की जो कीमत मिल रही है, वह तमिलनाडु की तुलना में लगभग 6 हजार रूपए अधिक है। नाथन ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों को मिल रहे अधिक लाभ को जानने और समझने के उद्देश्य से उनका दल छत्तीसगढ़ के दौरे पर आया है। नाथन ने कृषि मंत्री से छत्तीसगढ़ में नेचुरल फॉर्मिंग का राष्ट्रीय कॉन्क्लेव आयोजित किए जाने का आग्रह किया। उन्होंने खेती-किसानी में भू-जल के उपयोग को लेकर भी किसानों को जागरूक किए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु राज्य में भू-जल के अनियंत्रित दोहन तथा औद्योगीकरण के चलते भू-जल स्तर 300 फीट से गिरकर एक हजार फीट नीचे चला गया है, यह स्थिति चिंताजनक है।

तमिलनाडु के किसान प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर के अभनपुर विकासखण्ड स्थित आदर्श गौठान नवागांव (ल), छेरीखेड़ी स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित आयमूलक गतिविधियों का मुआयना किया। प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के कवर्धा जिले का दौरा कर वहां किसानों द्वारा की जा रही गन्ना की खेती और भोरमदेव शक्कर कारखाना का भी अवलोकन किया। इस दौरान कृषि विभाग वरिष्ठ अधिकारी भी दौरे पर उनके साथ मौजूद रहे।

अतिक्रमण कर बनाए गए बाउण्ड्रीवाल को हटाया निगम ने

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा के अतिक्रमण दस्ते द्वारा प्रशासन व पुलिस बल की उपस्थिति में शारदा विहार क्षेत्र में अतिक्रमण कर बनाई गई अवैध बाउण्ड्रीवाल को तोड़कर हटा दिया गया, वहीं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना अनुमति अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स विज्ञापन पोस्टर फ्लैक्स आदि को हटाने की कार्यवाही आज भी जारी रही।

यहॉं उल्लेखनीय है कि आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय द्वारा अतिक्रमण व अवैध कब्जे के प्रति कड़ा रूख अख्तियार करते हुए नए होने वाले अतिक्रमणों पर सतत नजर रखने एवं इन पर निरंतर कार्यवाही किए जाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए गए हैं। शारदा विहार क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण करते हुए अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करा लिया गया था, कोरबा तहसीलदार तारा सिदार, अतिक्रमण प्रभारी योगेश राठौर तथा पुलिस बल की उपस्थिति में आज निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्यवाही करते हुए उक्त बाउण्ड्रीवाल को जे.सी.बी.के माध्यम से तोड़कर हटाया तथा स्थल को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

अवैध हॉर्डिंग हटाने की कार्यवाही जारी- अतिक्रमण दस्ता प्रभारी योगेश राठौर ने बताया कि निगम के अमले द्वारा शहर के चौक-चौराहों, सड़कों के किनारे, डिवाईडरों में स्थित विद्युत पोल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के अवैध रूप से होर्डिंग फ्लैक्स विज्ञापन पोस्टर आदि को हटाने की कार्यवाही आज भी की गई तथा इस कड़ी में शहर के विभिन्न स्थानों से साथ-साथ सर्वमंगला जोन के मुख्य मार्गों से भी अवैध होर्डिंग पोस्टर अतिक्रमण दस्ते द्वारा हटाए गए। उन्होने बताया कि निगम की यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

अतिक्रमण न करें, असुविधा से बचे- आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम व शासकीय जमीनों, सार्वजनिक स्थानों आदि में अतिक्रमण व अवैध कब्जा का प्रयास न करें, सड़क के किनारे, फुटपाथ व पार्किंग स्थलों में ठेला, गुमटी लगाकर आवागमन में बाधा व पार्किंग व्यवस्था में अवरोध उपस्थित न करें। उन्होने कहा है कि बिना अनुमति के सड़कों, विद्युत पोलों, सार्वजनिक स्थानों आदि में विज्ञापन होर्डिंग, प्रचार प्रसार सामग्री, पोस्टर बैनर आदि न लगाएं, निगम द्वारा अवैध कब्जा हटाने व बिना अनुमति लगे पोस्टर बैनर, विज्ञापन होर्डिंग आदि को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जाएगी, अत: कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचे।

एनएच 63 पर माओवादियों 6 टिप्पर और दो जेसीबी मशीनों को किया आग के हवाले

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के नैमेड थाना क्षेत्र के एनएच पर स्थित मिंगाचल बस्ती में माओवादियों ने बीती रात 9 बजे के आसपास बड़ी घटना को अंजाम देते हुए रेत खनन में लगे 6 टिप्परों और दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया है । वाहनों में आगजनी की खबर के बाद पहली बार जिला मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी घटना स्थल पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया किंतु आग इतनी ज्यादा लग चुकी थी कि सभी वाहने 80 प्रतिशत जल चुकी है । इस घटना के बाद एक बार फिर एनएच में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है ।

बीती रात माओवादियों ने मिंगाचल बस्ती में रेत ठेकेदार के रेत डंप साईड में पहुंच कर वहां खड़ी 6 टिप्पर वाहन और दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया है । घटना स्थल सीआरपीएफ मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर और थाने से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । लंबे समय के बाद माओवादियों ने एनएच 63 के करीब आकर इस तरह की बड़ी घटना को अंजाम देकर चले गए हैं, वहीं जिले के फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के जज्बे ने सभी को चौंका दिया है , घटना के कुछ समय के बाद ही फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया ।

बिलासपुर गोली कांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार,एक अब भी फरार

बिलासपुर (आरएनएस)। गुरूवार के बिलासपुर के दीपक ज्वेलर्स लूट के असफल प्रयास मामले में पुलिस ने घटना के बाद फरार को दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है वह शालीमार एक्सप्रेस से भागने की कोशिश कर रहा था।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शनिचरी बाजार के पास गोड़पारा इलाके में गुरूवार को कट्टे की नोक पर तीन बदमाशों ने एक ज्वेलरी दुकान को लूटने का प्रयास किया था। आरोपियों ने ज्वेलरी दुकान में घुसकर दुकानदार पर गोली चला दी। इस दौरान दुकानदार दीपक सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया। किंतु व्यापारी ने हिम्मत दिखाते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया और दो आरोपी मौके से फरार हो गए थे। जिसके बाद पुलिस ने चारों ओर नाकेबंदी फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। सूचना पर पुलिस ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शालीमार एक्सप्रेस से दूसरे शहर भागने की कोशिश कर रहा था।

बालको के खिलाफ जारी हड़ताल रोकने श्रम न्यायालय ने दिया स्थगन आदेश

कोरबा। भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के खिलाफ बालको कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ संबद्ध इकाई) द्वारा 13 अप्रैल, 2022 से जारी हड़ताल को माननीय श्रम न्यायालय, कोरबा ने रोकने का आदेश दिया है। माननीय श्रम न्यायालय के समक्ष बालको ने आवेदन प्रस्तुत किया था ताकि बालको संयंत्र के परसाभाठा गेट के समक्ष जारी हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन पर सुनवाई की जा सके। न्यायालय ने मामला क्र. 05/ सीजीआईआर/2022 पंजीबद्ध करते हुए सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है कि जारी हड़ताल को आगामी पेशी दिनांक 22 अप्रैल, 2022 से पूर्व रोक दिया जाए। अपने एकपक्षीय स्थगन आदेश में माननीय श्रम न्यायालय ने यह भी कहा है कि चूंकि आवेदक संस्थान में हड़ताल से औद्योगिक, सुरक्षा व शांति एवं व्यवस्था प्रभावित होगी, परिणामस्वरूप हड़ताल से आवेदक संस्थान में एल्युमिनियम उत्पादन एवं विनिर्माण तथा विद्युत उत्पादन का कार्य भी प्रभावित हो जाएगा।

न्यायालय के आदेश की सूचना प्रति बालको कर्मचारी संघ को उपलब्ध करा दी गई है। बालको प्रबंधन ने बालको कर्मचारी संघ से यह कहा है कि वे अपने संगठन द्वारा माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। बालको ने यह स्पष्ट किया है कि प्रबंधन ने सदैव ही श्रमिकों के हितों में अपनी नीतियां पारस्परिक विचार-विमर्श के माध्यम से तैयार करते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। बालको प्रबंधन ने यह अपील की है कि कामगार किसी भी उकसावे में न आएं। अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित होकर बालको संयंत्र के सुचारू प्रचालन में अपना योगदान सुनिश्चित करें। एकजुट होकर औद्योगिक शांति एवं सौहार्द्र के जरिए बालको परिवार के नागरिक देश की उरोत्तर प्रगति में अपना योगदान कर सकते हैं।

कलेक्टर रानू साहू ने किया हॉकी खेल का शुभारंभ

कोरबा । हॉकी खेल में रुची रखने वाले खिलाड़ियों को तराशने की मंशा से बालको के अंबेडकर स्टेडियम में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा कलेक्टर रानू साहू की मौजूदगी में शिविर का उद्घाटन हुआ। एक माह तक शिविर चलेगा जिसमें खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बालको के अंबेडकर स्टेडियम में हॉकी प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई है। कोरबा कलेक्टर रानू साहू ने शिविर का उद्घाटन किया। 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्कूल और कॉलेज के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत करते हुए कलेक्टर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और हर संभव सुविधा प्रदान करने का भरोसा दिया है।

बालको प्रबंधन की ओर से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां अगले एक माह तक बच्चों को हॉकी में पारंगत किया जाएगा। भारतीय एल्यूमीनियम मजदुर संघ के अध्यक्ष ने बताया कि बालको प्रबंधन शुरु से ही खेल को बढ़ावा देने के लिए अपना योगदान देता आ रहा है। शिविर में खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। अगले एक माह तक बालको के अंबेडकर स्टेडियम में हॉकी खेल का रोमांच देखने को मिलेगा जहां राष्ट्रीय स्तर के कोच बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। इस मौके पर संरक्षक लोकेश्वर चौहान, बालको महिला हॉकी संघ की अध्यक्ष अर्चना रुनिझा, गिरीश शर्मा, एम वाय कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

कोल इंडिया का फरमान, नॉन पावर सेक्टर को होने वाली कोयले की आपूर्ति ठप्प

कोरबा। अगर किसी उद्योग की स्थापना के लिए पहली शर्त बिजली है तो बिजली उत्पादन के लिए कोयला। सौभाग्य से छत्तीसगढ़ राज्य को प्रकृति ने कोयले के अकूत भंडार से नवाजा है। छत्तीसगढ़ राज्य के 250 से अधिक कैप्टिव विद्युत संयंत्रों पर आधारित उद्योगों के सुचारू संचालन के लिए, प्रति वर्ष 32 मिलियन टन कोयले की आवश्यकता है जो कि एसईसीएल के उत्पादन का मात्र 19 प्रतिशत है। इन उद्योगों ने लगभग 4000 मेगावॉट के कैप्टिव पावर प्लांट स्थापित किए हैं जिनके लिए हर दिन लगभग 2 लाख टन कोयले की जरूरत है। तथ्यों के नजरिए से देश का 18 फीसदी कोयला छत्तीसगढ़ के पास है। यह लगभग 56 बिलियन टन के करीब है। देश के कोयला उत्पादन में एसईसीएल की भागीदारी 25 फीसदी है। इसके ज्यादातर भंडारों में पावर ग्रेड कोल पाया गया है।

देश की कुल क्षमता की बात करें तो यहां दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा भंडार है। परंतु विडंबना देखिए कि कोयले का आयात करने वाले देशों में हमारा स्थान दुनिया में तीसरे नंबर पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही गतिविधियों ने कोयला को न सिर्फ महंगा कर दिया है बल्कि इसके आयात को भी पेचीदा बना दिया है। इन सब के बीच कोल इंडिया लिमिटेड सीआईएल ने अपने एक तुगलकी फरमान से देश के नॉन पावर सेक्टर को होने वाले कोयले की आपूर्ति को पूरी तरह से ठप्प कर दिया है। ऐसा तब हुआ है जबकि देश में कोयला उत्पादन के आंकड़ों में सुधार हो रहा है। अब सवाल यह है कि सीपीपी आधारित उद्योगों से जुड़े मानव संसाधन, उनसे जुड़े परिवारों और पूरी अर्थव्यवस्था का क्या होगा? देश ऊर्जा उत्पादन की बुनियादी जरूरतों से ही जूझ रहा है तो फिर आखिर किस भरोसे पर उद्योगों में निवेश करने वाले लोग आगे आएंगे? उद्योगों के सामने ऐसी चुनौती आखिर कैसे खड़ी हो गई जबकि हमारी सरकार देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर न सिर्फ मजबूत दिखती है बल्कि पूरी दुनिया के सामने देश की साख यह कहकर बनाई जा रही है कि भारत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस्य वाला देश है।

छत्तीसगढ़ राज्य के स्तर पर बात की जाए तो, प्रदेश के सीपीपी और नागरिकों के हितों की अनदेखी कर एसईसीएल कोयले की आपूर्ति लगातार बाहर के राज्यों को कर रहा है। 1 फरवरी, 2022 को जारी अपने एक परिपत्र के अनुसार एसईसीएल छत्तीसगढ़ में सीपीपी आधारित उद्योगों के उपभोक्ताओं को मंथली शेड्यूल्ड क्वांटिटी एमएसक्यू के मात्र 75 फीसदी कोयले का ऑर्डर बुक करने की सुविधा दे रहा था जबकि जमीनी सच्चाई यह थी कि उपभोक्ता एमएसक्यू का 75 फीसदी कोयला भी नहीं ले पा रहे थे। अब 14 अप्रैल, 2022 को एसईसीएल ने साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे, बिलासपुर को एक पत्र लिखा है जिसका मजमून यह है कि रेल मोड से नॉन पावर सेक्टर को पूरी तरह से कोयला ठप्प कर दिया जाए ताकि पावर सेक्टर को मानसून के मौसम में भी कोयले की निरंतर आपूर्ति जारी रह सके। इसका दुष्प्रभाव यह है कि छत्तीसगढ़ के सीपीपी आधारित उद्योग अब तालाबंदी की स्थिति में पहुंच गए हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं. 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर ने इसे अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। ताकि शी, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चियों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कार्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सहायता की करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित शिविर कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU